दिनांकः 25.07.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राज्य में आज भारत टैक्सी सेवा का शुभारंभ करेंगे।
- राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग परिवारों के सर्वे का कल अंतिम दिन।
- प्रदेश में पिछले ढाई वर्ष के दौरान एक करोड़ से अधिक पात्र लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जोड़ा गया।
- प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में आगामी चार दिनों तक मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना।

000

प्रदेश में आज **भारत टैक्सी** सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के ओटीएस में भगवत सिंह मेहता सभागार में आयोजित समारोह में इसका उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल और सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक मौजूद रहेंगे। भारत टैक्सी सेवा देश की पहली सहकारिता आधारित डिजिटल मोबिलिटी प्लेट फॉर्म सेवा है, जिसे सहकार टैक्सी कॉपरेटिव लिमिटेड की ओर से संचालित किया जाएगा।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अधिकारियों को बजट घोषणाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश शासन सचिवालय में बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक में दिए। मुख्य सचिव ने वर्ष 2024–25 और 2025–26 की लंबित घोषणाओं के कार्यों में तेजी लाने तथा वर्ष 2026–27 की घोषणाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने को कहा। उन्होंने भूमि आवंटन से जुड़े मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण करने, अगले तीन महीने में सभी बजट घोषणाओं के वर्क ऑर्डर जारी करने और 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही बजट घोषणाओं की प्रगति नियमित रूप से ब्डै पोर्टल पर अपलोड करने को भी कहा।

000

राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी परिवारों के सर्वे की अवधि कल तक बढ़ा दी है। आयोग के सलाहकार अशोक कुमार जैन ने बताया कि कई जिलों में सर्वे का कार्य अभी शेष है। इसे देखते हुए सभी जिला कलक्टरों को कल तक सर्वे पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बाद सर्वे की अवधि नहीं बढ़ाई जाएगी, क्योंकि आयोग को अपनी अनुशंसा रिपोर्ट निर्धारित समय पर राज्य सरकार को सौंपनी है। राजधारा सर्वे मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जा रहे

इस सर्वे के आंकड़ों के आधार पर पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से संबंधित अनुशंसाएं तैयार कर राज्य सरकार को भेजी जाएंगी।

000

नेशनल परीक्षा एजेंसी के 47 अधिकारी और कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है। इनमें से कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी। यह परीक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार लाने की दिशा में एक अहम कदम है। साथ ही पेपर लीक के मामलों को लेकर विवादों में रही एजेंसी में किए जा रहे व्यापक बदलावों का हिस्सा भी है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वीडियो पर मिली प्रतिक्रिया और सुझावों के लिए देश के युवाओं को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने युवाओं के जबरदस्त समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। वीडियो को अब तक 30 करोड़ 30 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है।

यह अपने पहले 24 घंटों में सबसे अधिक देखा जाने वाला वीडियो है।

------------------

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि प्रदेश में पिछले ढाई वर्ष के दौरान एक करोड़ से अधिक पात्र और वंचित लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जोड़ा गया है। उन्होंने यह बात जयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। मंत्री ने बताया कि खाद्य सुरक्षा से जुड़ने के बाद इन परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न के साथ राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि **गिव अप अभियान** के माध्यम से रिक्त हुए स्थानों पर पात्र परिवारों को जोड़ा गया है, ताकि कोई भी जरूरतमंद खाद्य सुरक्षा के लाभ से वंचित न रहे।

----------------------

000

राज्य पुलिस के **महिला सुरक्षा संकल्प** अभियान के तहत तीसरे सप्ताह में 41 हजार 923 महिला श्रमिकों और 7 हजार 834 बुजुर्ग महिलाओं से सीधा संवाद किया गया है। पुलिस टीमों ने कच्ची बस्तियों, कारखानों, निर्माण स्थलों, ईंट–भट्टों और प्रवासी बस्तियों में पहुंचकर महिलाओं को सुरक्षा, उनके अधिकारों और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। अकेले रह रही बुजुर्ग महिलाओं और दंपत्तियों के घर जाकर उनकी समस्याएं भी सुनी गईं। राज्य पुलिस ने आपात स्थिति में महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 पर संपर्क करने की अपील की।

0000

प्रदेश में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने नए निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि जिन अस्पतालों में प्रसव होते हैं, वहां के स्त्रीरोग विशेषज्ञों को मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ चिकित्सकों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसके लिए अगले पांच दिनों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में सभी 108 एम्बुलेंस में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव के प्रबंधन के लिए एंटी शॉक एनएएसजी गार्मेंट उपलब्ध कराने और पैरामेडिकल कर्मियों को इसका प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही निदेशालय स्तर पर कैंसर सेल गठित करने, कैंसर स्क्रीनिंग वैन का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने और बारिश के मौसम में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष तैयारियां करने के निर्देश दिए गए।

000

प्रदेश में अगले चार दिन के मानसून सक्रिय रहने और कई क्षेत्रों में मध्यम से भारी, जबकि कुछ स्थानों पर अतिभारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण–पूर्वी राजस्थान के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से यह स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान जयपुर सहित करीब 20 शहरों में हल्की से भारी बारिश दर्ज की गई। माउंट आबू में सबसे अधिक 195 मिलीमीटर और पाली में करीब चार इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई। बीकानेर जिले के लूणकरणसर में कंवरसेन नहर का चौनल टूटने से करीब 300 बीघा में खड़ी मूंगफली और कपास की फसल प्रभावित हुई है। बारिश के कारण प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली है।

000

कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर राज्य सैनिक बोर्ड आज जयपुर में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के परिजन का सम्मान करेगा। यह समारोह बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और उनके परिजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य कारगिल युद्ध के शहीदों के बलिदान को स्मरण करना और युवा पीढ़ी को राष्ट्रसेवा तथा कर्तव्य के प्रति प्रेरित करना है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 136वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा।

000